# बिना सहमति के बंद कर दी सीएम हेल्पलाइन की शिकायत

**लखनादौन नवभारत। सिवनी में सीएम हेल्पलाइन जैसी महत्वपूर्ण जनसुनवाई प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठ गए हैं। जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) पर शिकायतकर्ता की सहमति के बिना शिकायतें बंद करने और, बी.ए.सी. कैलाश साहू, को अनियमित प्रतिनियुक्ति पर आरोप लग रहे। मामला कैलाश साहू की जनपद शिक्षा केंद्र लखनादौन में बी.ए.सी. (ब्लॉक अकादमिक समन्वयक) के पद पर अनियमित प्रतिनियुक्ति से जुड़ा है।**

### कही कागजी खानापूर्ति बनकर रह तो नहीं गई जनसुनवाई

शिकायतकर्ता ने बताया कि कैलाश साहू जनवरी 2020 से इस पद पर हैं, जबकि नियमानुसार प्रदर्शन के आधार पर केवल दो साल के विस्तार के साथ कुल चार साल की ही प्रतिनियुक्ति अवधि होती है। इस स्थिति के कारण कैलाश साहू के मूल विद्यालय, शासकीय माध्यमिक शाला पाटन, में शैक्षणिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, और विद्यालय अब अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहा है। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर कई शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें से एक, शिकायत क्रमांक 31330165, 9 मार्च 2025 को दर्ज की गई थी,



जिसमें कैलाश साहू की अनियमित प्रतिनियुक्ति का विस्तृत विवरण था। हैरत की बात यह है कि इस शिकायत को कथित तौर पर डीपीसी सिवनी से प्राप्त प्रस्ताव की जांच के बाद केस 426 लिखकर बंद कर दिया गया। इसके बाद, शिकायत क्रमांक 32694842, 4 जून 2025 को दर्ज की गई, जिसमें शिकायतकर्ता ने अपनी जानकारी या सहमति के बिना पहली शिकायत बंद किए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया। 13 जून 2025 तक इस शिकायत की स्थिति शिकायतकर्ता से सहमति अथवा असहमति की पुष्टि शेष है, दिखा रही थी, लेकिन चौंकाने वाला तथ्य यह है कि रिकॉर्ड्स ने इसे बंद करना उचित बताया बार-बार शिकायतों को बिना सहमति के बंद करना और एक कर्मचारी को कथित तौर पर बचाना, डीपीसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। क्या सीएम हेल्पलाइन सिर्फ एक दिखावा बनकर रह गई है क्या जिम्मेदारों की मिलीभगत से नियम-कानूनों को ताक पर रखा जा रहा है इन गंभीर आरोपों पर उच्चाधिकारियों द्वारा त्वरित और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है ताकि सच्चाई सामने आ सके और जनसुनवाई प्रणाली में जनता का विश्वास कायम रह सके।

**इनका कहना है**

इस मामले में जब डीपीसी सिवनी से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि- प्रतिनियुक्ति समाप्त करने का अधिकार राज्य शिक्षा केंद्र के पास है, न कि उनके पास। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें उनके द्वारा नहीं, बल्कि जेडी ऑफिस( संयुक्त निदेशक कार्यालय) द्वारा बंद की जाती हैं।

**डीपीसी महेश बघेल, सिवनी**

छीनी गई चैन बेचते पकड़ाया आरोपी, पूर्व में भी दर्ज हैं कई अपराध

# चोरी की बाईक से राह चलते करता था लूट



**सिवनी नवभारत।** लखनवाड़ा थाना के पलारी गांव निवासी शातिर आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पहले बाइक चुराई और इसी बाइक की नंबर प्लेट बदलकर दो दिनों में स्कूटी से जा रही दो युवतियों से मोबाइल फोन और सोने की चैन छीनकर भाग गया था। इस आरोपी को पकड़कर पुलिस ने चोरी की बाइक, मोबाइल फोन और सोने की चैन बरामद की है।

आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी १२ अपराध दर्ज हैं।आरोपी से पूछताछ में और भी मामलों का खुलासा हो सकता है। कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर ने बताया कि लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के पलारी गांव निवासी सौरभ पिता राजकुमार बघेल (23) ने 28 जून को शहर के आजाद वार्ड ढीमरी मोहल्ला से कुलदीप बघेल की स्पलेंडर बाईक चुराई थी। इस बाईक की नंबर प्लेट बदलकर सौरभ ने 30 जून को बस स्टेंड मालू पेट्रोल पम्प के सामने से स्कूटी से जा रही एक युवती का मोबाईल छीन लिया था। इसके दो दिन बाद 02 जुलाईको कांग्रेस कार्यालय के सामने स्कूटी से जा रही युवती के गले से सोने की चैन छीनकर भाग गया था। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी सौरभ के कब्जे से चोरी की बाईक व युवती से छीना गया मोबाईल व सोने की जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में मारपीट के 10, एनडीपीएस एक्ट का एक और जुआ एक्ट का एक मामला दर्ज है।

**नंबर प्लेट बदलकर अपराधों को देता था अंजाम**

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिए घटना स्थल के आस पास एवं शहर के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये साथ ही आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किये गये। इस दौरान मुखबिर की सूचना एवं कैमरो की मदद से सराफा बाजार में चोरी छिपे युवती से छीनी गई सोने की चैन एक युवक द्वारा बेचने की जानकारी लगी। इस पर पुलिस टीम ने नेहरू रोड सराफा बाजार में दबिश देकर आरोपी सौरभ को हिरासत में लिया। पूछताछ में सौरभ ने बाईक चोरी करना स्वीकार किया साथ ही बताया कि चोरी की बाईक की नंबर प्लेट निकालकर दूसरे नंबर की प्लेट लगाकर उसी बाईक से 30 जून को युवती से मोबाईल और 02 जून को सोने की चैन छीनने की बात कबूल की।

## एक नजर में

### सड़क हादसे में एक की मौत

सिवनी। कुरई थाना अंतर्गत कलबोड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे में बीती देर रात खड़े ट्रक में पीछे से कंटेनर जा घुसा। हादसे में कंटेनर में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि नागपुर से जबलपुर की ओर जा रहा कंटेनर क्रमांक यूके 04 सीबी 4721 कलबोड़ी के पास पहुंचा था। इसी दौरान दाल से भरे खड़े ट्रक में कंटेनर पीछे से जा घुसा। हादसे में यूपी के भदोही निवासी जिलाजीत बिंद ( 58 ) की मौत हो गई जबकि उसका साथी शाहजनापुर निवासी अरविंद यादव घायल हो गया। हादसा इतना गंभीर था कि कंटेनर में जिलाजीत बुरी तरह फंस गया था, जब उसे बाहर निकाला गया तो वह मृत हो चुका था। जिस ट्रक के पीछे कंटेनर घुसा था, उसका चालक घटना के बाद ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### जिले में 252.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई


सिवनी। भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से 03 जुलाई 25 तक 252.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 03 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 236.2 मि.मी, कुरई में 57.0 मि.मी., बरघाट में 110.4 मि.मी., केवलारी में 319.4 मि.मी., छपारा 348.9 मि.मी, लखनादौन में 276.9 मिमी, धनौरा में 240.9 मिमी एवं घंसौर में 431.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 2020.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 03 जुलाई 2024 तक कुल 1721.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

सिवनी। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी एवं जिले की समस्त आईटीआई में प्रवेश हेतु तृतीय राउंड हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन / रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार, इच्छुक संस्थाओं की तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन / इच्छुक संस्थानों के प्राथमिकता के क्रम में चॉइस फिलिंग लॉक करने के पूर्व तक त्रुटि सुधार ऑनलाइन पोर्टल पर 05 जुलाई से 11 जुलाई तक निरंतर जारी है। आवेदक किसी भी ऑनलाइन सहायता केंद्र/स्वयं के द्वारा अथवा किसी भी नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# दर्दनाक हादसा : ऑटो ने 18 माह के बच्चे को कुचला, मौत

**सिवनी नवभारत।** कोतवाली थाना अंतर्गत भगतसिंह वार्ड की केजीएन कालोनी में शाम के समय एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां ऑटो ने 18 माह के बच्चे को रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हड्डी गोदाम के केजीएन कालोनी में 18 माह का बच्चा रेहान खान अपने घर के सामने खेल रहा था उसी समय एक ऑटो चालक ने लापरवाही पूर्वक बच्चे को रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्षियों ने पुलिस और 108 वाहन में दी सूचना मिमने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक बच्चे के शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम जे लिए भेजा है जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने



आया है जिसमे दिखाई दे रहा है कि बच्चा खेल रहा है और एक ऑटो मोड़ से गली के अंदर आ रहा है। जहां ऑटो बच्चे को टक्कर मारने के बाद रौंदकर जाते हुए दिखाई दे रहा है।

सीसीटीवी कैमरे के आधार पर पुलिस ऑटो और ऑटो चालक की तलाश कर रही है। इस घटना से क्षेत्र में मातम जा माहौल है।

कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर का कहना है कि सूचना मिली थी कि ऑटो से एक बच्चे की मौत हो गई है। फिलहाल मर्ग कायम कारक घटनाक्रम की जांच की जा रही है। और सीसीटीवी कैमरे के आधार पर ऑटो व चालक को तलाश किया जा रहा है।

# दीपक मिश्रा ने नए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभाला

**सिवनी नवभारत।** भोपाल से स्थानांतरित होकर आए दीपक मिश्रा ने आज सिवनी जिले के नए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विधिवत अपना कार्यभार संभाला।



दीपक मिश्रा की सिवनी में नियुक्ति जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। उनके पूर्व अनुभव का लाभ सिवनी पुलिस को मिलेगा, जिससे अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

मिश्रा ने पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की और जिले की वर्तमान कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले में शांति और सद्भाव बनाए रखने के साथ-साथ अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना होगी।

# चल रहा था लकड़ी का अवैध कारोबार

**सिवनी नवभारत।** वन विभाग की टीम ने कुरई क्षेत्र के बादलपार गांव में एक फर्नीचर की दुकान में दबिश दी। मौके से बड़ी मात्रा में अवैध रूप से रखी सागौन मिली। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सोनी ने बताया कि बादलपार के डुंगरिया निवासी रीतेश रघुवंशी की फर्नीचर की दुकान की जांच की गई। जांच में पता लगा कि जो सागौन डिपो से लाकर फर्नीचर बनाना था उसे जंगल से काटकर लाया गया था। मौके से लकड़ी से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले। जानकारी के अनुसार फर्नीचर की दुकान में लकड़ी का अवैध कारोबार काफी दिनों से चल रहा था। दुकानदार के पास लाइसेंस तो था लेकिन वह नियमानुसार काम नहीं कर रहा था। मौके से दो सागौन लट्ठे, तीन चिरान और सागौन के छह दरवाजे जब्त किए, जिनकी कीमत करीब 45 हजार रुपए है। इस कार्रवाई में श्यामलाल विश्वकर्मा, लोकेश मर्सकोले, दिलीप कुमार व अरविंद राव मगरे शामिल रहे।

# मोहर्रम पर्व को लेकर डूंडासिवनी थाना परिसर में हुई बैठक



**सिवनी नवभारत।** गुरूवार को थाना डुंडा सिवनी में थाना प्रभारी सतीश तिवारी की उपस्थिति में थाना परिसर में आगामी त्यौहार मोहर्रम ताजिया, कावड़ यात्रा के मद्देनजर रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमे सभी समुदाय के लोग उपस्थित हुए थाना प्रभारी द्वारा सभी समुदायों से संवाद कर निम्न बिंदु में चर्चा की गई।

बैठक में आगामी त्यौहार शांति पूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण रूप से मनाने की समझाइश दी गई । वहीं शासन

### धार्मिक स्थानों पर लगे लाउड स्पीकर हटाने के निर्देश

की गाइड लाइन अनुसार सभी धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर हटाने हेतु निर्देशित किया गया।

ग्राम सरपंच से चोक चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिए गए । साइबर सुरक्षा संबंधी उपायों एवं यातायात नियमों के पालन हेतु भी समस्त लोगों को समझाइश दी गई।

### 9 जुलाई को आम हड़ताल

सिवनी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कॉमरेड ओमप्रकाश बुर्डे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 9 जुलाई को संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आव्हान किया गया है। सिवनी में भी संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े सभी किसान संगठन व ट्रेड यूनियन की सभी मजदूर यूनियनें एकत्रित होकर इस आम हड़ताल में शामिल होंगी।

# सेवानिवृत्त हुए सीआरपीएफ जवान महेश विश्वकर्मा का हुआ स्वागत

**सिवनी नवभारत।** आपरेशन सिंदूर जम्मू कश्मीर से आए सीआरपीएफ जवान महेश विश्कर्मा का शिव की नगरी सिवनी मे भव्य स्वागत किया गया। 40 वर्ष सेवा देने के बाद ईनकी सेवानिवृत्ति हुई है।

जन प्रतिनिधि, स्थानीय एवं परिवार के लोग रेलवे स्टेशन से निवास तक ढोल बाजे के साथ उन्हें ले गए। श्री विश्वकर्मा ने इन 40 वर्षों में अलग-अलग बॉर्डर पर



अपनी सेवाएं दी है।चंदन टेंट हाऊस के सामने एवं शनि मंदिर छिंदवाड़ा रोड में स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद चंदन सिंह खताविया जलकर सभापति. पार्षद,राजिक अकील सभापति, आर.पी.दुबे जगदीश गुप्ता, धनराज माना ठाकुर,गोपीचंद सनोडिया, राकेश पाल, संदीप,विनोद विश्वकर्मा, शंकर यादव,रितेश माना, कन्हैया खताविया, अशोक जैन,लवकुश खताविया,तूफान माना, राज खताविया,पूरनलाल विश्वकर्मा, नितेश पालीवाल, सनोडिया, राहुल बैश,सतवीर बघेल,संतोष खताविया, सुनील सोनी,लक्षण राव सहित स्थानीय महिला एवं पुरुष शामिल रहे।

# 1492 विद्यार्थियों के बैंक खाते में पहुंचेगी लेपटॉप की राशि

**सिवनी नवभारत।** प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा शुक्रवार 04 जुलाई प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत सांदीपनी विद्यालय छपारा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित की जायेगी। कार्यक्रम के माध्यम से जिलें के 1492 प्रतिभावान विद्यार्थी भी लाभान्वित होंगे। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही अपना मार्गदर्शन देंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रतिभाशाली

### 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को मिलेंगे 25 हजार

विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का हितलाभ वितरण का राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी जा रही है।

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को दी भावभीनी बिदाई

**छपारा नवभारत।** अपने कार्य को पूरी इमानदारी और जवाबदेही से करने पर ऐसा जुड़वां हो जाता है कि क्षेत्रीय जन एवं स्टाफ परिवार के सदस्यों की तरह हो जाया करते हैं कुछ ऐसा विकासखंड के जनशिक्षा केन्द्र केकड़ा अंतर्गत दूरस्थ ग्रामीण अंचल में स्थित ग्राम पहाड़ी टोला में गत 30 जून को सेवानिवृत्त शिक्षक जयंत उईके की बिदाई के अवसर पर देखा गया जहां सह स्टाफ सहित संपूर्ण ग्रामीण एक परिवार की तरह भावुक हो गए।

ज्ञात हो कि विगत 23 वर्षों से ग्राम की प्राथमिक शाला में सेवाए देने वाले शिक्षक जयंत उईके की कर्तव्य निष्ठा और ग्रामीण जनों से आत्मीय लगाव ही था कि वर्तमान समय में हो रही लगातार बारिश और नदी नालों के उफान पर होने के बाद भी लगभग 150 से अधिक ग्रामीणजन जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक संख्या में महिलाएं यानि बच्चों की मातायें थी उनके साथ-साथ ही जनशिक्षा केंद्र एवं विकासखंड के लगभग समस्त निरीक्षक समन्वयक अधिकारी भी अलग-अलग रास्तों से लंबी दूरी



तय कर शाला प्रांगण में उपस्थित हुये। अनवरत जारी रिमझिम बारिश के बाद भी समस्त उपस्थित जनों में बच्चों सहित लगभग तीन सौ लोग शाला प्रांगण में उपस्थित रहे।

शिक्षक जयंत उईके की बिदाई के अवसर पर ग्रामीणों ने अध्ययनरत एवं शाला से पूर्व वर्षों में पढ़े बच्चों ने भी उन्हें उपहार और स्मृति चिन्ह भेंट किए कर भावभीनी विदाई दी। बहुत सी ग्रामीण महिलायें और छात्र-छात्राओं की आंखों में अश्रुधारा भी बहती दिखाई दी।

इस अवसर पर शाला प्रभारी कौशलेश चौकसे,शिक्षक मो. शफी कुरैशी के अतिरिक्त जनपद शिक्षा केन्द्र छपारा से उपस्थित बीएसी राकेश तिवारी,संतोष नाग जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी प्राचार्य रिषिकांत श्रीवास्तव, संकुल केन्द्र प्रभारी भागचंद राहंगडाले, जनशिक्षक रविन्द्र ठाकुर, कामता चौकसे के साथ ही जयंत उईके से कुछ समय पूर्व में सेवानिवृत्त, बंजारा,परते,चौकसे आदि शिक्षकों ने भी सेवानिवृत्ति के अवसर पर अपने संबोधनों में स्मृतियों, कार्यशैली एवं व्यवहारिकता की बात की साथ ही उपहार देकर श्री उईके को अग्रिम जीवन में स्वस्थ,मंगल, सफलता हेतु शुभकामनायें दीं।

**समीक्षा बैठक** राजस्व प्रकरणों तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की कलेक्टर सुश्री जैन ने की समीक्षा

# राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

सिवनी नवभारत। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने गुरुवार 3 जुलाई को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण स्थिति तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में एडीएम श्री सीएल चिनाप, एडीएम सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की उपस्थिति रही।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व न्यायालयवार लम्बित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्तीकरण और सीमांकन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर सम्बंधित राजस्व अधिकारी को प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने एक माह में भीतर लम्बित सीमांकन प्रकरणो



को निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने केवलारी एवं लखनादौन तहसील में अभिलेख दुरुस्तीकरण के प्रकरणों को प्राथमिकता से त्वरित रुप से निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री जैन में धरती आबा अभियान में शामिल ग्रामों के जनजातीय व्यक्तियों को जाति प्रमाणपत्र जारी करने की प्रगति की समीक्षा कर त्वरित रूप से शत प्रतिशत प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सुश्री जैन ने अनुभागवार स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, आधार लिंकिंग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र किसानों की ई-केवायसी सहित भू-राजस्व वसूली की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वामित्व योजना अंतर्गत तहसीलवार ग्रामवार 15 दिवस से अधिक समय से लम्बित प्रकरणों पर अधिकारिवार चर्चा कर लंबित रहने के कारण को जाना। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी राजस्व अधिकारियों को गिरदावरी के लंबित प्रकरणों तथा मूंग उत्पादक कृषकों के सत्यापन प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने गिरदावरी में उद्यानिकी फसलों को भी शामिल करनेके निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

**सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों की हुई समीक्षा**

कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई, उन्होंने शिकायतवार सम्बंधित अधिकारी से तक्ष प्रश्न कर शिकायत के लम्बित रहने के कारणों को जाना। कलेक्टर सुश्री जैन ने अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत में अपडेट प्रतिवेदन दर्ज करने के निर्देश दिये हैं।

